# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

पंजीयन क्रमांक 58 शासन द्वारा मान्यता प्राप्त


**सालिक नौरंगे**
जिला अध्यक्ष रायपुर
मो.-8770659928
LIG-64 अटल विहार कालोनी, आरंग
Email : saliknourange143@gmail.com

**एस. पी देवांगन**
प्रांतीय महामंत्री
मो.-9340272870

**एस. एस. सोनी**
जिला संरक्षक रायपुर
मो.-9981008250

**ओ. पी. शर्मा**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
अखिल भारतीय लोक सेवा कर्म. महा.
संरक्षक / सलाहकार
मो.-9425207576

**अनिल पाण्डेय**
प्रांताध्यक्ष
मो.-9826107779

प्रांतीय कार्यालय - डी. के. एस. भवन पुराना मंत्रालय के पास रायपुर (छ.ग.)


क्रमांक 2026 / 9 दिनांक 22/07/26

**प्रेस विज्ञप्ति**

स्वास्थ्य कर्मचारियो की मांग सहित निजीकरण, आउटसोर्सिंग, ठेका प्रथा, के विरोध मे कलेक्टर महोदय को सौंपा ज्ञापन

आज दिनांक 22.07.2026 को छत्तीसगढ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे जिला शाखा द्वारा संघ के प्रधान कार्यालय अर्जुन नगर से रैली निकालकर घडी चौक पर नारेबाजी करते हुए संघ के मांगो के समर्थन मे प्रर्दशन कर नारेबाजी किया गया, तत्पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री छ.ग.शासन, माननीय स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव महोदय के नाम पर कलेक्टर जिला रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे मांग निम्नानुसार है :–

1. शासन स्तर पर विभाग द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षित के संबंध मे भेजे गये प्रस्ताव पर सकारात्मक कार्यवाही तत्काल किया जावे क्योकि 8 वॉ पे कमीशन लागू हो जाने पर कर्मचारियों को बडा आर्थिक नुकसान होने की संभावना है।
2. शासन स्तर पर संघ द्वारा समय–समय पर पत्राचार के माध्यम से अवगत कराये गये लंबित मांगो पर कार्यवाही किया जावे।
3. स्वास्थ्य विभाग के तकनिकी एवं अन्य पदो को निजीकरण/ठेकाप्रथा/आउटसोर्सिंग से मुक्त रखा जावे क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओ पर प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है। HLL को पैथालाजी/फार्मेसी को ठेका पर देने से नियमित कर्मचारियो मे भविष्य को लेकर आंशकित है।
4. प्रदेश मे हेल्थ सेक्टर मे कार्य करने वाले लोगो के लिए पंजीयन अनिवार्य किया जावे ताकि प्रदेश के प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षण ले रहे चिकित्सक/नर्स/पैरामेडिकल के भविष्य सुरक्षित हो सके एवं फर्जी डिग्री/डिप्लोमाधारी का पहचान हो सके।
5. विभाग के संस्थाओ में स्वीकृत सेटअप अनुसार सीधी भर्ती तत्काल प्रांरभ किया जाये क्योंकि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओ मे लगभग 35 से 40 प्रतिशत पद रिक्त होने से स्वास्थ्य सेवाओ पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।
6. विभाग मे कार्यरत संविदा/दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो को समान कार्य समान वेतन हेतु स्पष्ट निती निर्धारण किया जाये।
7. प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओ मे जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियो का अलग–अलग संस्थाओ मे अलग–अलग मानदेय दिया जा रहा है, पूरे प्रदेश मे एकरूपता के लिए स्पष्ट निती निर्धारण किया जावे ताकि जीवनदीप समिति के कर्मचारियो का आर्थिक शोषण रोका जा सके।
8. प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओ मे कार्यरत ऐसे संविदा कर्मचारी/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिसकी सेवा कि आवश्यकता सत्त लिया जायेगा उनका नियमित सेट्अप स्वीकृत किया जाये।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण मे रैली निकालकर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है, अगर समय पर मांगो पर समुचित कार्यवाही नही होती है, तो आने वाले समय में आंदोलन का स्वरूप उग्र हो सकता है।

इस अवसर पर संघ के प्रांतीय संरक्षक/सलाहकार ओ.पी.शर्मा. प्रांतीय महामंत्री एस.पी.देवांगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, प्रांतीय सचिव अरविन्द्र चन्द्राकर, उपप्रांताध्यक्ष रामजी सेन, अजय पाण्डेय, अमृत निषाद, खोमन पटेल, संभागीय संरक्षक प्रदीप बोगी संभागीय, अध्यक्ष संतोष देवांगन, जिला संरक्षक एस.एस. सोनी, जिलाध्यक्ष सालिक नौरगे, प्रांतीय संयोजक एम.एल.टी. प्रकोष्ठ कमल चंद्राकर, नेत्र सहायक अधिकारी प्रकोष्ठ गौतम रात्रे, सरोज बाला खोर्पे, वाहन संचालक प्रकोष्ठ सुभाष सहारे, संगठन सचिव संतोष गिरी, सी.एच.ओ. प्रकोष्ठ उप संयोजक दीपचंद निषाद, सी.एच.ओ. संभाग संयोजक मुकेश टंडन, सी.एच.ओ. प्रकोष्ठ जिला संयोजक सरिता साहू, जिला समन्वयक विभाग सहाय, संभागीय संयोजक पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ हरिशचंन्द्र ध्रुव, जे. एस.ए. प्रकोष्ठ जिला, नर्सिंग जिला संयोजक हेमलता तारक, उपाध्यक्ष वंदना सिंग, संयोजक नवीन साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक प्रकोष्ठ असवन टंडन, स्टाफ नर्स प्रकोष्ठ जिला संयोजक, विभागीय अध्यक्ष मेकाहारा नंदलाल

# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

पंजीयन क्रमांक 58 शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

**सालिक नौरंगे**
जिला अध्यक्ष रायपुर
मो.-8770659928
LIG-64 अटल विहार कालोनी, आरंग
Email : saliknourange143@gmail.com

**एस. पी देवांगन**
प्रांतीय महामंत्री
मो.-9340272870

**एस. एस. सोनी**
जिला संरक्षक रायपुर
मो.-9981008250

**ओ. पी. शर्मा**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
अखिल भारतीय लोक सेवा कर्म. महा.
संरक्षक / सलाहकार
मो.-9425207576

**अनिल पाण्डेय**
प्रांताध्यक्ष
मो.-9826107779

प्रांतीय कार्यालय - डी. के. एस. भवन पुराना मंत्रालय के पास रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक दिनांक ..........................

खुंटे, दंत चिकित्सा महाविद्यालय अध्यक्ष राकेश वैष्णव, डी.के.एस. विभागीय अध्यक्ष नरेश नेताम, दैनिक वेतन भोगी स्टाफ नर्स प्रकोष्ठ कल्पना नौरंगें एवं मेकाहारा विरेन्द्र दुबे, जिला अस्पताल विभागीय अध्यक्ष दीपनरायण कौसले, आयुर्वेद फार्मेसी बबलू कोष्टा, जिला उपाध्यक्ष रूपेश ध्रुव,नारायण ध्रुव, प्रकाश राठौर, जिला सचिव रोशन साहू, नूतन टंडन जिला संयोजक नेत्र प्रकोष्ठ हेमंत देवांगन, विकास खंड अध्यक्ष तिल्दा अखिलेश राठौर, आंरग सुष्मिता मसीह, ब्लाक उपाध्यक्ष बेदराम चतुर्वेदी, देवेन्द्र मनहरे, राकेश चतुर्वेदी, मनोज माण्डले, अनमोल एड्रयू, कमल वर्मन, ईश्वर साहू, नरेन्द्र वर्मा, धीरेन्द्र मिश्रा, रिंकु सिंह, गौतम कश्यप, टी.के.देशलहरे, देवानंद साहू, रामवतार यदु, मूलचंद तारक, प्रदीप यादव, तीरथ निषाद, हितेश निर्मलकर, चितेश्वर मानिकपुरी, गिथलेश भक्त, सहित सैकडो कर्मचारी उपस्थित रहे ।

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय,
दैनिक समाचार.......समस्त....... सादर प्रकाशनार्थ प्रस्तुत ।

भवदीय

( सालिक नौरंगें )
जिला अध्यक्ष
छ.ग.प्रदेश स्वा.कर्म.संघ